सं0 क्यू/पीए- II/578/45/2016

विदेश मंत्रालय

(प्रशासनिक प्रभाग)

6 अक्तूबर, 2016

साउथ ब्लाक नई दिल्ली

सेवा में,

1. भारत सरकार के समूह 'क' केन्द्रीय सेवाओं और अखिल भारतीय सेवाओं के काडर नियंत्रक मंत्रालयों के सचिव
2. सभी प्रभाग अध्यक्ष विदेश मंत्रालय

विषय: भारत का दूतावास, वियना में परामर्श दाता के पद को भरा जाना।

विदेश मंत्रालय के अधीन भारत का दूतावास, वियना में प्रतिनियुक्ति आधार पर परामर्शदाता (निदेशक स्तर) के पद को भरे जाने का प्रस्ताव है। अधिकारी द्वारा अप्रसार और निर्यात नियंत्रण संबंधी कार्य किया जाना अपेक्षित है। भारत सरकार में निदेशक या समकक्ष स्तर के अधिकारी इस नियुक्ति के लिए पात्र हैं।

2. इस पद के लिए पात्रता मानदण्ड निम्नानुसार हैं:

(i) आवश्यक मानदण्ड

(क) विदेश मंत्रालय या भारत सरकार के अन्य मंत्रालय / विभाग में निरस्त्रीकरण, अप्रसार और निर्यात नियंत्रण के क्षेत्र में तीन वर्ष का पूर्वानुभव

(ख) अखिल भारत सेवा या केन्द्रीय समूह 'क' सेवा में न्यूनतम चौदह वर्षों की नियमित सेवा,

(ii) वांछनीय मानदण्ड

(क) अन्तर्राष्ट्रीय संबंध राजनीति शास्त्र, अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, अर्थशास्त्र, अन्तर्राष्ट्रीय विधि या संबंधित विषयों में स्नातकोत्तर / सुसंगत तकनीकी / विज्ञान की पृष्ठभूमि रखने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं;

(ख) अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, निर्यात नियंत्रण, सिविल नाभिकीय सहयोग, नाभिकीय सुरक्षा और अप्रसार संबंधी बातचीत में भाग लेने का अनुभव;

(ग) आवेदन के समय 50 वर्ष से कम आयु।

3. पद की अवधि पद का प्रभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष के लिए होगी।

4. इच्छुक और पात्र अधिकारी अपने आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरी को 28 अक्तूबर, 2016 से पहले भेज सकते हैं।

(पाउलोमी त्रिपाठी)

उप सचिव (एफएसपी एवं कैडर)

दूरभाष: 20311650